भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(युवा कार्यक्रम विभाग)
लोक सभा
तारांकित प्रश्न संख्या 339
उत्तर देने की तारीख 21 दिसम्बर, 2021
30 अग्रहायण, 1943 (शक)

राष्ट्रीय युवा नेता कार्यक्रम

339. श्री विष्णु दयाल राम :

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या कोविड-19 वैश्विक महामारी के कारण राष्ट्रीय युवा नेता कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यकलापों में बाधा उत्पन्न हुई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान युवाओं के लिए विकास कार्यक्रमों को सक्रिय बनाए रखने के लिए क्या उपाय किए गए हैं?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) से (ग) : एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है ।

****

राष्ट्रीय युवा नेता कार्यक्रम के संबंध में श्री विष्णु दयाल राम, माननीय संसद सदस्य द्वारा दिनांक 21.12.2021 के लिए पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 339 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित विवरण ।

(क) और (ख) : जीं हां, कोविड-19 वैश्विक महामारी के कारण राष्ट्रीय युवा नेता कार्यक्रम (एनवाईएलपी) के अंतर्गत कार्यकलापों में बाधा उत्पन्न हुई । यह स्कीम लोगों से लोगों की बातचीत पर आधारित है और इसके तहत, नेबरहुड युवा संसद (एनवाईपी) के रूप में एक संस्थागत मंच बनाया गया है जहां 15-29 वर्ष के आयु वर्ग के युवा उनके जीवन को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर अपने विचार व्यक्त करते हैं और स्थानीय प्रशासन का ध्यान इन मुद्दों की ओर आकर्षित करते हैं । सरकारी एडवाइजरी के अनुसार, कोविड-19 महामारी के कारण लोगों के इकट्ठे होने पर प्रतिबंध था और इस कारण सामूहिक कार्यक्रम करना संभव नहीं था ।

(ग) (i) कोविड-19 से जुड़े प्रतिबंधों के कारण लोगों के इकट्ठे होने संबंधी कार्यक्रमों के आयोजन सीमित हो गए । मंत्रालय ने कोविड-19 महामारी के समय में युवाओं से संबंधित कार्यक्रम करने के लिए अपने स्वायत्त/अधीनस्थ निकायों नेहरू युवा केंद्र संगठन (एनवाईकेएस) और राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की भागीदारी से वर्ष 2020-2021 में कोविड-19 महामारी के दौरान वर्चुअल मोड के माध्यम से युवाओं के लिए एनवाईएलपी सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया । वर्चुअल मोड के माध्यम से आयोजित किए गए कार्यकलापों का विवरण अनुबंध-I में दिया गया है ।

(ii) यद्यपि कोविड-19 संबंधी प्रतिबंधों ने विभाग के नियमित कार्यक्रमों को बाधित किया तथापि मंत्रालय ने नेहरू युवा केंद्र संगठन और एनएसएस स्वयंसेवकों के माध्यम से कोविड-19 महामारी की रोकथाम पर विभिन्न जागरूकता और शिक्षा कार्यकलापों का आयोजन किया । इन स्वयंसेवकों ने हाथ धोने, फेस मास्क पहनने और सुरक्षित सामाजिक दूरी बनाए रखने, स्वच्छता, सुरक्षा के लिए लॉकडाउन के पालन जैसे रोकथाम के तरीकों को समझाते हुए सत्यापित जानकारी और संदेश साझा किए । 'क्या करें और क्या न करें' पर आईईसी सामग्री का उपयोग लोगों को महामारी के बारे में जागरूक करने और संक्रमण के जोखिम को कम करने वाली सावधानियां बरतने के लिए किया गया था । सूचनाप्रद वीडियो और सोशल मीडिया भी निवारक तरीकों पर जागरूकता और शिक्षा का हिस्सा थे। एनवाईकेएस और एनएसएस स्वयंसेवकों ने कोविड-19 के खिलाफ तिरस्कार और भेदभाव का मुकाबला करने के लिए राष्ट्रीय अभियान में फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं के रूप में सक्रिय रूप से भाग लिया । तत्संबंधी विवरण अनुबंध-II में दिया गया है ।

****

अनुबंध-I

राष्ट्रीय युवा नेता कार्यक्रम के संबंध में श्री विष्णु दयाल राम, माननीय संसद सदस्य द्वारा दिनांक 21.12.2021 के लिए पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 339 के भाग (ग) (i) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध ।

<u>कोविड-19 महामारी के दौरान वर्चुअल मोड के माध्यम से किए गए कार्यकलापों का विवरण:</u>

I. कोविड-19 का मुकाबला करने के लिए युवा शक्ति का उपयोग
II. एक भारत श्रेष्ठ भारत
III. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस
IV. फिट इंडिया अभियान
V. संविधान दिवस और उसके बाद के कार्यकलापों का पालन
VI. जन आंदोलन - लोगों को कोविड-19 का मुकाबला करने के लिए उपयुक्त व्यवहार मानदंडों का पालन करने के लिए शिक्षित और प्रेरित करना
VII. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की मुख्य विशेषताओं पर सूचना का प्रसार
VIII. गंदगी मुक्त भारत अभियान
IX. जल शक्ति मंत्रालय के राष्ट्रीय जल मिशन के सहयोग से कैच द रेन प्रोजेक्ट।
X. राष्ट्रीय युवा संसद समारोह
XI. निवेशक शिक्षा, जागरूकता और निधि संरक्षण प्राधिकरण (आईपीईएएफपीए) पर वेबिनार (कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय)
XII. वेबिनार राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग
XIII. विभाग द्वारा वर्चुअल मोड में 24वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव, 2021 का आयोजन किया गया
XIV. आरजीएनआईवाईडी ने कोविड-19 संवेदीकरण, छात्रों के लिए करियर, युवाओं के लिए सकारात्मक जुड़ाव, मानसिक स्वास्थ्य और भावनात्मक बेहतरी, मादक द्रव्यों के सेवन की रोकथाम, जेंडर संवेदीकरण, डिजिटल कौशल, सतत विकास, उद्यमिता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर वर्चुअल मोड के माध्यम से विभिन्न व्याख्यान और कार्यशालाएं आयोजित कीं ।
XV. देश के युवाओं को एक साथ लाने के लिए विभाग ने वर्चुअल फॉर्मेट में अंतरराष्ट्रीय आदान-प्रदान कार्यक्रम (आईवाईईपी) का आयोजन/ इसमें भागीदारी की । विभिन्न युवा कार्यक्रमों/ सम्मेलनों में भागीदारी के अलावा विभाग ने कुछ महत्वपूर्ण शिखर सम्मेलन आयोजित किए जैसे :

   क. भारत की अध्यक्षता में 7वां ब्रिक्स युवा शिखर सम्मेलन 29-31 अगस्त, 2021 तक ऑनलाइन आयोजित किया गया।

   ख. भारत की अध्यक्षता में पहला आईबीएसए (भारत-ब्राजील-दक्षिण अफ्रीका) युवा शिखर सम्मेलन 26-28 अगस्त, 2021 तक ऑनलाइन आयोजित किया गया ।

****

अनुबंध-II

राष्ट्रीय युवा नेता कार्यक्रम के संबंध में श्री विष्णु दयाल राम, माननीय संसद सदस्य द्वारा दिनांक 21.12.2021 के लिए पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 339 के भाग (ग) (ii) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध ।

कोविड-19 महामारी के दौरान देशभर में आयोजित प्रमुख पहलें

1. युवा नेतृत्व में कोविड-19 महामारी का मुकाबला करना - प्रमुख उपलब्धियां

- संदेशों और सरकारी निर्देशों का व्यापक प्रसार ।
- 2.48 करोड़ लोगों को स्वयंसेवकों ने आरोग्य सेतु ऐप डाउनलोड करने के लिए प्रेरित किया ।
- 53.55 लाख स्वयंसेवकों ने कोविड warriors.gov.in पर नामांकन किया ।
- 2.4 करोड़ नागरिकों को घर पर फेस मास्क बनाने का प्रशिक्षण दिया गया।
- 27.22 लाख बुजुर्गों को कोविड-19 से बचाने के लिए उनकी देखभाल की गई।
- कोविड-19 महामारी के दौरान 18.37 लाख स्वयंसेवकों को जोड़ा गया।
- एनवाईकेएस के 27.74 लाख और एनएसएस के 2.18 लाख स्वयंसेवकों को आईजीओटी पोर्टल पर प्रशिक्षित किया गया है ।
- 2.02 लाख स्वयंसेवक और अधिकारी बैंकों, अस्पतालों, अनाज मंडियों के संचालन, सब्जी मंडियों आदि में विभिन्न सेवाओं और भीड़ को संभालने में मदद कर रहे हैं।

2. बदल कर अपना व्यवहार, करें कोरोना पर वार अभियान : माननीय प्रधान मंत्री, श्री अमिताभ बच्चन, श्री सचिन तेंदुलकर और श्री अक्षय कुमार जी के ऑडियो/ वीडियो संदेश तथा पोस्टर के 9 सेट के माध्यम के साथ-साथ 2.65 करोड़ स्वयंसेवकों और ग्रामीणों की भागीदारी से 1.47 लाख कार्यकलाप किए गए ।

3. तिरस्कार और भेदभाव का मुकाबला - 51.40 लाख युवाओं और नागरिकों की भागीदारी के साथ ई पोस्टर बनाने और साझा करने, स्लोगन और दीवार लेखन और सहकर्मी शिक्षा के माध्यम से 2.53 लाख कार्यकलापों का संचालन किया ।

4. जन आंदोलन - कोविड-19 का मुकाबला करने के लिए उचित व्यवहार मानदंडों का पालन करने के लिए जागरूकता और शिक्षा में कई कार्यकलाप जैसे घर पर फेस मास्क बनाना और सही उपयोग, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना, हाथ धोना, तिरस्कार और भ्रांतियों को दूर करना, प्रतिरक्षा को बढ़ावा देना, आयुष, परीक्षण, आरोग्य सेतु ऐप के उपयोग को बढ़ावा देना शामिल हैं ।

- 2.12 लाख गांवों और 11,846 संस्थानों को शामिल किया गया ।
- 1,75,133 वेबिनार आयोजित गए ।
- 24.32 लाख अधिकारियों, युवा नेताओं, युवा स्वयंसेवकों को जागरूक किया गया ।
- 3.6 करोड़ लोगों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से संदेश प्रसारित किया गया ।
- 1.73 करोड़ लोगों को पोस्टर, बैनर, दीवार लेखन, ई-पोस्टर, स्लोगन, डिजिटल साइन बोर्ड अन्य मीडिया के माध्यम से संदेश प्रसारित किया गया ।
- 76.48 लाख लोगों तक सार्वजनिक घोषणाओं के माध्यम से संदेश पहुंचाए गए ।
- 48 लाख नागरिक जिनके साथ ऑडियो, वीडियो, फिल्म, जिंगल्स साझा किया गया ।

- कोविड-19 संक्रमित व्यक्तियों वाले 8.50 लाख परिवारों को सहायता दी गई । 16.71 लाख परिवारों को लोगों और बच्चों की देखभाल के लिए जागरूक किया गया ।
- 6.07 लाख ग्राम पंचायत के प्रधानों और सदस्यों को जानकारी दी गई ।
- हैशटैग #Unite2FightCorona के लिए 10.34 लाख इंप्रेशन रिकॉर्ड किए गए ।

****